विशेषध्यानाकर्षण / अतिमहत्वपूर्ण

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / पी0पी0पी0 मोड,
एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक, संस्थायें।

**पत्रांकःप्राशिप / अनु03 / 2025 / 6974** **लखनऊः दिनांकः–21 / 01 / 2026**

**विषयः दिनांक–24 / 01 / 2026 को आयोजित किये जाने वाले दीक्षांत समारोह में एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत प्रथम वर्ष के पात्र छात्र / छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किये जाने के संबंध में।**

**महोदय,**

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि दिनांक 24 / 01 / 2026 को दीक्षांत समारोह का आयोजन कराया जाना निर्धारित है। जिसमें सत्र 2024–25 में एन0ई0पी0–2020 से अच्छादित 42 पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को जिन्होंने 46 केडिट प्राप्त कर लिये हैं, ऐसे छात्र / छात्राओं को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना है। प्रमाण पत्र की सॉफ्ट कॉपी परिषद द्वारा पी0डी0एफ0 फार्मेट में आपके संस्था लॉगिन पर उपलब्ध करा दी गयी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त प्रमाण पत्र की सॉफ्ट कॉपी उच्च गुणवत्ता वाले पेपर, जैसे एक्सल बॉण्ड, जिसकी थिकनेस कम से कम 200 जी0एस0एम0 हो पर प्रिन्ट करते हुए दिनांक 24 / 01 / 2026 को होने वाले दीक्षांत समारोह में एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत पात्र छात्र / छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

Digitally signed by
SANTOSH KUMAR SINGH
Date: 21-01-2026
15:46:49

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ0ःस0ःप्राशिप / अनु03 / 2025 / 6975–78** **तद्दिनांकः–21 / 01 / 2026**

**प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ / अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अपर मुख्य सचिव / अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त पालीटेक्निक, संस्थाओं को उक्त के संबंध में अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।